RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 231 • 01:09:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

# महिलाओं पर अत्याचार के मामलों में जल्द होने चाहिए फैसले : प्रधानमंत्री

**कहा, न्यायपालिका ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता और अखंडता की रक्षा की**

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा आज समाज में एक गंभीर चिंता का विषय है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त कानून बनाए गए हैं। महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी जल्दी फैसले होंगे, आधी आबादी को उतना ही सुरक्षा का आश्वासन मिलेगा। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2019 में सरकार ने फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करने की योजना बनाई थी। फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के तहत महत्वपूर्ण गवाहों के लिए गवाही केंद्र का प्रावधान है। उन्होंने फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों के तहत जिला निगरानी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिसमें जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय



प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बीच समन्वय बनाने में समिति की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उन्होंने इन समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्के का भी अनावरण किया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित मुद्दों जैसे कि बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन, सभी के लिए समावेशी न्यायालय, न्यायिक सुरक्षा और न्यायिक कल्याण, केस प्रबंधन और न्यायिक प्रशिक्षण पर विचार-विमर्श और चर्चा के लिए पांच कार्य सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 75 वर्षों की यात्रा लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की महिमा को बढ़ाती है। यह सत्यमेव जयते, नानृतम् के सांस्कृतिक उद्घोष को मजबूत करता है। उन्होंने इस अवसर पर न्यायिक प्रणाली की सभी बिरादरी और भारत के नागरिकों को बधाई दी और जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वालों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया, "न्यायपालिका को हमारे लोकतंत्र का संरक्षक माना जाता है।" मोदी ने इसे अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए इस दिशा में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की सराहना की।

### न्यायपालिका ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता और अखंडता की रक्षा की

सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों पर होने वाले हमलों से भी रक्षा की और जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल आया, न्यायपालिका ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता और अखंडता की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय तक सरल और आसान पहुंच जीवन की सुगमता के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव हो सकता है, जब जिला अदालतें आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी से सुसज्जित हों। प्रधानमंत्री मोदी ने जिला अदालतों में लगभग 4.5 करोड़ मामलों के लंबित होने की ओर इशारा करते हुए कहा कि न्याय में इस देरी को खत्म करने के लिए पिछले दशक में कई स्तरों पर काम किया गया है। उन्होंने बताया कि देश ने न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लगभग 8 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 25 वर्षों में न्यायिक बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया 75 प्रतिशत धन केवल पिछले 10 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि इन 10 वर्षों में जिला न्यायपालिका के लिए 7.5 हजार से अधिक कोर्ट हॉल और 11 हजार आवासीय इकाइयां तैयार की गई हैं। ई-कोर्ट के महत्व को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप ने न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज किया है बल्कि वकीलों से लेकर शिकायतकर्ताओं तक की समस्याओं को भी तेजी से कम किया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश में अदालतों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट की ई-समिति इन सभी प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा : प्रधानमंत्री





एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों से लोगों में व्यापार, रोजगार और सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्यधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गों: मेरठ-लखनऊ; मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। ये वंदे भारत रेलगाड़ियां वर्तमान में तीव्र गति से चल रही गाड़ियों की तुलना में यात्रा समय को कम करेंगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत से लगभग 1 घंटा, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से 2 घंटे और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत से यात्रा समय में डेढ़ घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जहां से भी संचालित होती हैं वहां पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बीते 10 वर्षों में इन राज्यों में रेलवे की विकास यात्रा इसका उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि इस साल के बजट में हमने तमिलनाडु को 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रेलवे बजट दिया है। ये बजट 2014 की तुलना में 7 गुना से अधिक है। इसी तरह कर्नाटक के लिए भी इस बार 7 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आवंटित हुआ है। ये बजट भी 2014 की तुलना में 9 गुना अधिक है। आज मेरठ-लखनऊ रूट पर वंदे भारत ट्रेन के जरिए यूपी और खासकर पश्चिमी यूपी के लोगों को भी खुशखबरी मिली है। मेरठ और पश्चिमी यूपी क्रांति की धरती है। ये नई वंदे भारत रेलगाड़ियां क्षेत्र के लोगों को तीव्रगति और सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करेंगी और तीन राज्यों- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के लोगों की लंबी समय से चल रही मांग को पूरा करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में संघ की बैठक शुरु, बीजेपी के नड्डा व संतोष भी हुए शामिल



**पलक्कड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय बैठक शनिवार को केरल के पलक्कड़ में शुरू हुई। यह तीन दिवसीय बैठक दो सितंबर तक चलेगी। इस बैठक की अध्यक्षता मोहन भागवत कर रहे हैं। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह समेत और भी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में करीब तीन सौ स्वंयसेवक शामिल हो रहे हैं। इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और छह संयुक्त महासचिवों के अलावा बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा व पार्टी के संगठन सचिव बीएल संतोष भी शामिल हो रहे हैं। आरएसएस की समन्वय बैठक में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल जैसे कई राज्यों के अहम विषयों पर भी चर्चा होगी। मोदी सरकार 3.0 बनने के बाद आरएसएस की अपने सहयोगी संगठनों के साथ यह पहली समन्वय बैठक है। पिछले साल यह बैठक पुणे में हुई थी। बैठक ऐसे समय में खासतौर पर अहम है, जब बीजेपी के लिए नया अध्यक्ष चुना जाना है साथ ही जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है और सभी राजनीतिक पार्टियां जीत को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई हैं।

### लाओस में भारतीय दूतावास ने साइबर घोटाले में फंसे 47 भारतीयों को बचाया



**नई दिल्ली।** लाओस स्थित भारतीय दूतावास ने यहां बोकेओ प्रांत में गोल्डन ट्राइंगल स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एसईजेड) में साइबर-स्कैम केंद्रों में फंसे 47 भारतीयों को सफलतापूर्वक बचाया है। दूतावास ने अब तक 635 भारतीयों को बचाया है और उनकी सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित की है। एक विज्ञप्ति में दूतावास ने जानकारी देते हुए बताया है कि बचाए गए 47 भारतीयों में से 29 को स्थानीय अधिकारियों ने अवैध गतिविधियों पर की गई कार्रवाई के बाद दूतावास को सौंपा है। वहीं अन्य 18 ऐसे हैं जिन्होंने संकट में मदद मांगी थी। दूतावास के अधिकारी राजधानी वियनतियाने से बोकेओ गए ताकि उनके बचाव के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क किया जा सके। दूतावास ने बोकेओ से वियनतियाने तक परिवहन की व्यवस्था की। साथ ही वियनतियाने पहुंचने पर उनके लिए आवास और भोजन की व्यवस्था भी की। लाओस में भारत के राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने समूह के पहुंचने पर उनसे मुलाकात की। दूतावास ने उन्हें भारत भेजे जाने की सभी प्रक्रिया पूरी की है। इनमें से 30 भारत लौट रहे हैं या रास्ते में हैं।

# फिर बुरे फंसे बाबा रामदेव, दिव्य मंजन में मछली के तत्व का इस्तेमाल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव सहित अन्य के खिलाफ एक जनहित



याचिका दाखिल हुई है। आरोप है कि बाजार में दिव्य मंजन को शाकाहारी उत्पाद बताकर बेचा जा रहा है, जबकि उसमें मछली के तत्व शामिल हैं। याचिका को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, पतंजलि, बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और अन्य से जवाब मांगकर नोटिस जारी किया। याचिका में बताया गया है कि दिव्य मंजन या दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी बताकर उसकी पैकिंग पर हरे रंग का विशेष चिन्ह अंकित किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि दिव्य मंजन में एक तत्व सामुद्रफेन मछली से बनाया जाता है, जिसके मंजन में इस्तेमाल से वे हैरान हैं। याचिकाकर्ता और उनके परिवार ने प्रोडक्ट का लंबे समय से इस्तेमाल कर यह सोचकर किया कि यह पूरी तौर पर शाकाहारी है।आखिरकार, रामदेव ने खुद अपने यूट्यूब वीडियो में स्वीकार किया है कि सामुद्रफेन से निकाला जाता है और इसका दिव्य मंजन में इस्तेमाल हो रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि ब्राह्मण परिवार से संबंध रखता है, जहां मांसाहारी उत्पादों का सेवन धार्मिक नजरिए से पूरी तरह वर्जित है। इसके बाद उत्पाद को लंबे समय से इस्तेमाल करने पर उन्हें गहरा धक्का पहुंचा है। याचिकाकर्ता ने मई 2023 में दिल्ली पुलिस को शिकायत की, और स्वास्थ्य मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और आयुष मंत्रालय में भी शिकायत की, लेकिन अब तक किसी भी संस्था ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

# माउंटेन मैन दशरथ मांझी के श्रद्धांजलि पर भावपूर्ण नाट्य 'मांझी रे' रचना की हुई प्रस्तुति

चाणक्य भूमि के लिये गोविन्द जोशी की रिपोर्ट





कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित एवं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना से संबद्धता प्राप्त मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के सभागार में 30 अगस्त को माउंटेन मैन दशरथ मांझी की स्मृति में लोक कला रंग समूह के सदस्य पंचम प्रकाश द्वारा लिखित 'मांझी रे' नाटक का मंचन किया गया। 'मांझी रे' नाटक दशरथ मांझी के जीवन, प्यार, त्याग और बलिदान पर अधारित था, जिससे आमजन को उनके द्वारा किए गए प्रेरणात्मक कार्यों को करीब से जानने एवं सिखने का अवसर देखने को मिला। इस संस्थान के निदेशक विरेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को संदेश दिया गया कि मिथिला चित्रकला के साथ- साथ अन्य कलाओं जैसे नाटक, नृत्य एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में भी लगातार सीखने का प्रयास करते रहें, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रशासी पदाधिकारी नितीश कुमार मिथिला चित्रकला संस्थान, द्वारा लोक कला रंग समूह के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र- छात्राओं को भी विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कला का विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में पद्मश्री बौआ देवी, पद्मश्री दुलारी देवी, डा. रानी झा, संजय कुमार जायसवाल, प्रतीक प्रभाकर, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, विकास कुमार मंडल, रूपा कुमारी, मो. अरमान रजा, मो. सरफराज, नितीश कुमार, अर्जुन कुमार एवं विकाश कुमार गुप्ता ने अपना सहयोग प्रदान किया है।

# गडचिरोली में 6 लाख इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**गडचिरोली।** सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अपनी कार्रवाई कर रही है। इस बीच गडचिरोली पुलिस और सीआरपीएफ के हाथ बडी सफलता लगी है। गडचिरोली में 6 लाख के एक इनामी खुंखार नक्सली ने जिला पुलिस दल और सीआरपीएफ जवानों के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली का नाम धानोरा तहसील निवासी केदार उर्फ  मान्या किंजो नेताम है। नेताम 18 मुठभेड़ों में शामिल था और उसके खिलाफ 34 मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के चलते हिंसाचार के जीवन के जीवन से तंग आकर और वरिष्ठ नक्सली नेताओं से त्रस्त होकर अनेक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों का पुनर्वसन किये जाने के कारण अब तक करीब 673 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केदार उर्फ  मान्या किंजो नेताम 18 मुठभेड़ों में शामिल था इसके साथ ही उसके खिलाफ 34 मामले दर्ज हैं, जिनमें आगजनी की दो और हत्या के आठ मामले शामिल हैं। नेताम 2007 में नक्सल आंदोलन में शामिल हुआ था। उसने धनोरा में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के पश्चिमी उप क्षेत्रीय ब्यूरो में सक्रिय रूप से भाग लिया था।

# दुष्कर्म को आम बात बताने वाले कपिल सिब्बल चौतरफा घिरे

एजेंसी। नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई



दुष्कर्म को लेकर पूरे देश में उबाल है। इस घटना पर सियासी बयानबाजी भी खूब हो रही है। कांग्रेस और भाजपा ने ममता सरकार को आड़े हाथों लिया है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट के दिग्गज वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल का मानना है कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर पीड़िता के साथ जो हुआ वो आम बात है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के उनके पूर्ववर्ती अध्यक्ष और ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर आदिश अग्रवाल ने सख्त एतराज जताते हुए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के मौजूदा अध्यक्ष कपिल सिब्बल को पत्र लिखकर कहा है कि या तो वे इस रेजोल्यूशन को वापस लेते हुए माफी मांगे या फिर उनके खिलाफ सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाए। वरिष्ठ वकील ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं यहां पर उन्होंने कथित तौर पर एक प्रस्ताव जारी किया था, जिसमें उन्होंने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए भयावह दुष्कर्म और हत्या की घटना को लक्षणात्मक बीमारी हुए कहा है की ऐसी घटनाएं आम है।कपिल सिब्बल की इस बात पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भड़क उठे।

# धर्म बदलने वालों को रिजर्वेशन का लाभ क्यों?

**एसटी आरक्षण पर मंत्री साहू ने उठाया सवाल**

एजेंसी। नई दिल्ली

आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा है कि 'जिन्होंने धर्म बदल लिया, उन्हें एसटी आरक्षण का लाभ क्यों मिलना चाहिए। साहू ने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वालों को उस (एसटी) समुदाय का लाभ क्यों मिलना चाहिए? जो लोग किसी विशेष समुदाय में हैं, उन्हें डॉक्टर बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान के अनुसार उस समुदाय का लाभ मिलना चाहिए, ताकि सभी वर्गों को लाभ मिल सके। एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि छत्तीसगढ़ में आरएसएस के आरक्षण का लाभ उठा रहे आदिवासियों के मुद्दे पर आपका क्या रुख है? उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म कभी धर्म परिवर्तन की बात नहीं करता। हम सनातन संस्कृति को मानने वाले हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। हमने कभी किसी को धर्म परिवर्तन करने के लिए नहीं कहा। लेकिन कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति के लिए धर्म परिवर्तन को बढ़ावा दिया है।साहू ने कहा, कांग्रेस ने एक बार देश को धर्म के आधार पर बांटने का काम किया है। अब वे जाति जनगणना के नाम पर देश को विभाजित करने की साजिश कर रहे हैं। जाति जनगणना की मांग उठाने वालों को बताना चाहिए कि वे खुद किस जाति से हैं। छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के महादेव सट्टा ऐप केस को सीबीआई को सौंपने के सवाल पर उन्होंने कहा, मामले को सीबीआई को इसलिए सौंपा गया है ताकि दोषियों को सजा मिले। 2018 से लेकर 2023 तक भूपेश बघेल सरकार ने बड़े घोटाले किए- शराब, कोयला, गोबर, लोक सेवा आयोग... यहां तक  कि हमारे महादेव को भी नहीं बख्शा।कांग्रेस के जाति जनगणना की मांग को कांग्रेस 50-60 साल तक सत्ता में रही और उसने जाति जनगणना नहीं कराई। इंदिरा गांधी के समय उनका नारा था 'न जाति पर, न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर'। अब जब उन्हें हर तरफ से नकार दिया गया है, तो वे जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। उन्होंने काह कि अब कांग्रेस जाति जनगणना के नाम पर देश को बांटने की साजिश कर रही है।

# जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ कहना बंद करे : सीजेआई

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने जिला न्यायपालिका को ''न्यायपालिका की रीढ़'' बताकर कहा कि यह कानून का अहम घटक है। यहां 'जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन' को संबोधित कर सीजेआई ने कहा कि यह जरूरी है कि जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ कहना बंद करें। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, ''न्याय की तलाश कर रहा कोई नागरिक सबसे पहले जिला न्यायपालिका से संपर्क करता है। जिला न्यायपालिका कानून का अहम घटक है। सीजेआई ने कहा, ''इसलिए जिला न्यायपालिका से बड़ी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया जाता है और इस न्यायपालिका को रीढ़' के रूप में वर्णित किया गया है। रीढ़ तंत्रिका तंत्र का अहम अंग है। उन्होंने कहा, कानूनी व्यवस्था की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें



जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करें। आजादी के 75 साल बाद, अब समय आया है कि हम ब्रिटिश काल के एक और अवशेष-अधीनता की औपनिवेशिक मानसिकता को दफना दें।'' न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि 2023-24 में अदालती रिकॉर्ड के 46.48 करोड़ पृष्ठों को डिजिटल रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट परियोजना के तहत 3,500 से अधिक अदालत परिसरों और 22,000 से अधिक अदालत कक्षों का कम्प्यूटरीकरण भी किया गया। देश में जिला अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा 2.3 करोड़ मुकदमों पर सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसलों को संविधान में मान्यता प्राप्त प्रत्येक भाषा में अनुवादित किया जा रहा है और 73,000 से अधिक अनुवादित फैसले सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। न्यायपालिका की बदलती जनसांख्यिकी पर आंकड़ों का हवाला देकर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिला न्यायपालिका में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि केरल में कुल न्यायिक अधिकारियों में से 72 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, ''ये कुछ उदाहरण हैं जो भविष्य की एक आशाजनक न्यायपालिका की तस्वीर पेश करते हैं। सीजेआई के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

# भारत शेख हसीना का प्रत्यर्पण नहीं करता है तो संबंध हो सकते हैं खराब

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि भारत और बांग्लादेश



के संबंधों में नया अध्याय शुरू करने के लिए पूर्व पीएम शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी है। उन्होंने कहा कि हसीना की भारत में मौजूदगी से द्विपक्षीय संबंध और खराब कर सकती है। बीएनपी महासचिव ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर अवामी लीग शासन के दौरान हुए विवादास्पद अडाणी बिजली समझौते की समीक्षा करेगी। क्योंकि इससे बांग्लादेश के लोगों पर तबाही भरा दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने भारत के साथ मजबूत संबंधों की इच्छा जताई है और कहा कि उनकी पार्टी पिछले मतभेदों को पीछे छोड़कर सहयोगी रवैया अपनाने को तैयार है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बीएनपी बांग्लादेश की धरती पर भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी तरह की गतिविधियों की इजाजत नहीं देगी। आलमगीर ने तर्क दिया कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा बांग्लादेश का आंतरिक मामला है और हिंदुओं पर हमलों की रिपोर्टें निश्चित रूप से गलत हैं क्योंकि अधिकांश घटनाएं राजनीतिक प्रेरित होती हैं।

# किसानों के बीच विनेश फोगाट, अपने हक की आवाज उठाना हमेशा राजनीति नहीं

**गुरुग्राम।** शंभू बॉर्डर पर लंबे समय से चल रहे किसान आंदोलन को शनिवार को 200 दिन पूरे हुए हैं। इस बीच ओलंपियन रेसलर, महिला पहलवान विनेश फोगाट शंभू बॉर्डर पहुंची। यहां किसानों ने विनेश का माला पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके पर विनेश ने किसानों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त कर कहा, किसान अपने अधिकारों के लिए लंबे समय से यहां बैठे हैं, लेकिन उनकी ऊर्जा अभी भी कम नहीं हुई है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मैं एक किसान परिवार में पैदा हुई। आपकी बेटी आपके साथ है। हमें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा, क्योंकि कोई और हमारे लिए नहीं आएगा। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि आपकी मांगे पूरी हों, और जब तक आप अपने अधिकार नहीं ले लेते, तब तक वापस न लौटें। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना हैं, हर बार राजनीतिक नहीं होता। विनेश ने किसानों के समर्थन में मोदी सरकार से अपील कर कहा, किसान अपने अधिकारों के लिए 200 दिनों से बैठे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरपंच की बनायी वंशावली होगी मान्य

**दरभंगा, एजेंसी।** सदर प्रखंड की सारा मोहम्मद पंचायत के चंदनपट्टी स्थित पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें अंचल के अमीन प्रतीक रंजन कुमार व मोनी कुमारी ने सारा मोहम्मद पंचायत सहित आसपास के लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पंचायत के सरपंच की ओर से बनायी गयी वंशावली ही मान्य होगी। अमीन मोनी ने कहा कि सरकार की ओर से जारी फॉर्मेट को भरकर, उसमें जिनकी खतियानी जमीन है वे उसका दस्तावेज, जिनका केवाला है वह केवाला से संबंधित दस्तावेज तथा अद्यतन रसीद लगाकर यहां जमा कर देंगे। इन दोनों अमीनों ने बताया कि आगामी सोमवार से प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक ये लोग पंचायत भवन में बैठेंगे तथा हर आने वाले व्यक्ति की समस्याओं को सुनेंगे तथा उनका निराकरण करेंगे। ग्राम सभा में मुखिया विमल देवी, मुखिया पति जय राम ठाकुर, सरपंच नीलम कुमारी, वार्ड पार्षद अशोक पासवान, नूतन कुमारी, ब्रह्मदेव कुमार पासवान, पंसस आरती कुमारी आदि थे।

### लोक शिकायत के आठ मामलों की डीएम ने की सुनवाई

**छपरा, एजेंसी।** जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की और शिकायत का निवारण किया। जिला पदाधिकारी ने लोक शिकायत के कुल आठ मामलों की सुनवाई की। जिसमें सात मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष एक मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

### राज्यव्यापी प्रदर्शन के समर्थन में गांवों में चलाया अभियान

**पूर्णिया, एजेंसी।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) पूर्णिया जिला माकपा के द्वारा 5 सितंबर को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन को लेकर विभिन्न पंचायत में सभा कर लोगों से प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की जा रही है। सभा के माध्यम से लोगों को मांगों के बारे में अवगत कराया गया जिसमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक, सभी परिवार को 200 युनिट बिजली मुफ्त, रोजगार की गारंटी, बेरोजगार युवाओं को 5000 रुपया भत्ता, भूमिहीन परिवार को 10 डिसमिल जमीन, खेती के लिए एक एकड़ जमीन,सर्वे के नाम पर गरीबों के साथ धोखा और लूट-खसोट बंद करने की मांग आदि शामिल है। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी एवं सीपीआई (एम) के जिला सचिव राजीव सिंह ने मंझुवा, खखरैली, दिग्गी पोखर टोला, रामपुर, रानीपतरा, दरगाह टोल, रायपुर खाखोटोला, आदिवासी टोल, हरिजन टोल आदि में ग्रामसभा अभियान चलाया। एडवा नेत्री रामपरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार गरीब विरोधी है। विकास का झूठा आंकड़ा पेश कर रही है। इस सरकार में बेरोजगारी, महगाई काफी बढ़ी है। जिला सचिव राजीव सिंह ने कहा कि चुनाव से पहले वित मंत्री सीता रमण ने कहा था कि महिलाओं को लाखपति दीदी बनाऐंगे लेकिन गरीब महिलाएं समूह के माध्यम से निजी बैंक से लोन लेती है, लेकिन भारी ब्याज के साथ किस्त चुकाने में उनकी हालत खराब हो जाती है।

### स्कूल से दूसरी बार चापाकल की चोरी

**पूर्णिया, एजेंसी।** कसबा नगर परिषद के अंतर्गत मोदो साह महिला उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर से बीती रात चोरों ने दूसरी बार चापाकल की चोरी कर ली। छात्राओं के लिए इस गर्मी में पानी पीने का यही एकमात्र चापाकल था। इससे छात्राओं को पानी पीने एवं शौचालय जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। इस विद्यालय से चापाकल की चोरी होने की यह तीसरी घटना है। इस संबंध में कसबा थाना को कई बार सूचित किया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बक्सर में बायोगैस प्लांट का 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा

## 20-25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधा

### गोबर और कचरे से बनेगा ईंधन गैस

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिले के जगदीशपुर गांव में गोबर धन योजना के तहत जिले का बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। प्लांट का 80 प्रतिशत काम लगभग पूरा होने वाला है। इसे बनकर तैयार होने पर इसके माध्यम से दो दर्जन से ज्यादा घरों में गोबर गैस ईंधन के रूप में उपलब्ध होगा। प्लांट निर्माण लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह भी है। साथ ही इसके बगल में लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया है। जिसका कार्य एक साल पहले ही पूरा हो गया है। अब कचरा निस्तारण का कार्य प्रारंभ है। गांव के पशुपालक से गोबर और कचरा घर से गीले कचरे का प्रयोग कर मिथेन गैस बनाया जाएगा और उसे पाइप के माध्यम से उसे घर-घर पहुंचाने का काम किया जाएगा। इस सुविधा से लोगों को कम खर्च में भोजन बनाने में आसानी होगी।



### 20-25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधा

जगदीशपुर पंचायत की मुखिया शुशील देवी ने गोबर से तैयार बायोगैस की सुविधा के बारे में बताया कि इस सुविधा को 20-25 परिवारों को घर-घर गैस की उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें जैविक खाद भी तैयार किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण इलाके के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पशु के गोबर भी अब धन के रूप में उन्हें लाभान्वित करेगा। भविष्य में यह योजना सही रूप से चलता रहे। इसको लेकर ग्रामीणों से भी बातचीत कर सहयोग मांगा गया है। डीएम ने बताया कि गोबरधन योजना का सीधा लाभ पशुपालकों को मिलेगा। इस प्लांट के बन जाने पर किसानों से गोबर खरीदा जाएगा और उससे बनने वाले बायोगैस की सप्लाई गांव के घरों में दी जाएगी। गैस संयंत्र से माह में करीब 1.5 से 2 एलपीजी सिलिंडर के बराबर गैस प्राप्त होता है।

### जिले का पहला बायोगैस प्लांट निर्माण अब तक अधूरा

बक्सर जिले का पहला बायोगैस प्लांट का भूमि पूजन जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 13 मई 2023 को जगदीशपुर पंचायत के कुलहड़िया गांव में किया था, जो कि शिलान्यास के 19 महीने बाद भी बनकर अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। प्लांट बनाने की जिम्मेदारी आंनद इंजीनियरिंग लखनऊ को दिया गया था। प्लांट को 90 दिन में बनाकर तैयार करना था लेकिन अभी भी काम आधा अधूरा पड़ा है। यह बायोगैस प्लांट पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह बायोगैस प्लांट 49 लाख के लागत से बनाया जा रहा है। जल्द काम पूरा करने का दिया गया है निर्देश बक्सर के डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने बताया कि कंपनी के एग्रीमेंट के हिसाब से अब तक तो बनकर तैयार हो जाना चाहिए लेकिन कंपनी ने आधा अधूरा काम करके छोड़ दिया है। कंपनी के द्वारा संपर्क करके बताया गया है कि बायोगैस प्लांट का हमने काम पूरा कर दिया है। केवल गोबर की आवश्यकता है। आगे कार्य को सही समय पर सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया तो प्लांट बनाने वाले कंपनी को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है।

# चिराग बोले-विपक्ष 2021 की साजिश को दे रहा हवा:हम एकजुट, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती

### पार्टी मीटिंग के बाद दिल्ली में शाह से मिले



**पटना, एजेंसी।** राजद की तरफ से पार्टी में टूट की खबरों के बीच एलजेपी आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एक्शन में आ गए हैं। शुक्रवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्होंने पहले पार्टी के कोर कमेटी के साथ बैठक की। इसके बाद आनन-फानन में वे दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दोनों के बीच कई राजनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। हालांकि क्या चर्चा हुई फिलहाल इस पर वे कुछ बताने से बच रहे हैं। देर शाम न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष भ्रम फैला रहा है। विपक्ष की तरफ से एक बार फिर से मेरी पार्टी और सांसदों को लेकर साजिश को हवा देने की कोशिश की जा रही है। ये ठीक उसी तरह है, जैसा 2021 में रची गई थी।

### हम मजबूती से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं

आज की तारिख में मजबूती से जिस तरीके से लोजपा( आर ) न केवल चुनाव लड़े, बल्कि 100 पर्सेंट स्ट्राइक रेट से सभी की सभी 5 सीटें जीतने में कामयाब रहे। मेरी पार्टी का एक-एक सांसद पूरे समर्पण भाव से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को धरातल पर उतारने की सोच के साथ काम कर रहा है। हमारे सामने बड़ा लक्ष्य है 2025 का विधानसभा चुनाव। उस दिशा में पूरी पार्टी एकजुटता से लगी हुई है। जो लोग सोचते हैं कि पार्टी में इस तरह की टूट हो।

### राजद ने टूट का दावा किया था

दरअसल, पिछले दो दिनों से राजद के विधायक और पार्टी नेताओं की तरफ से एलजेपी( आर ) में टूट का दावा किया जा रहा था। राजद के नेता सार्वजनिक तौर पर ये कह रहे थे कि पार्टी के तीन सांसद बीजेपी के संपर्क में हैं। बीजेपी इन्हें तोड़ने की प्लानिंग पर काम कर रही है।

### पारस और शाह की मुलाकात ने बढ़ाया सस्पेंस

टूट की खबरों के बीच अचानक 27 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह और चिराग पासवान के चाचा रालोजपा नेता पशुपति पारस के बीच मीटिंग हुई थी। इसके बाद चिराग पासवान को लेकर सस्पेंस बढ़ गया था। शाह से मुलाकात के बाद पशुपति पारस लगातार कह रहे हैं कि गृह मंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है कि विधानसभा चुनाव में लोकसभा की तरह नहीं होगा। सही हिस्सेदारी दी जाएगी।

# बिहार के नए डीजीपी का पैतृक गांव गोपालपुर नेउरा जश्न में डूबा



**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** नए डीजीपी बने आलोक राज ने बिहार पुलिस के मुखिया के रूप में कमान थाम ली है। इस उपलब्धि से जीडीपी के पैतृक गांव में जश्न का माहौल है। वे मुजफ्फरपुर जिले के सरैया प्रखंड के गोपालपुर नेउरा गांव के मूल निवासी हैं। पुलिस प्रमुख बनने की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों ने आतिशबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। पड़ोसी व सरैया के पूर्व प्रमुख मो. उमर अंसारी ने बताया कि वर्तमान में आलोक राज का पूरा परिवार पटना के कंकड़बाग कॉलोनी में रहता है। हालांकि गांव में नियमित आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार करीब छह महीने पहले मोतिहारी से लौटने के क्रम में गांव आए थे। लोगों ने बताया कि आलोक राज के पिता परमेश्वर प्रसाद सांख्यकी विभाग में निदेशक रहे हैं। रिटायर होने के बाद हर माह गांव में आते हैं। आलोक राज की दो संतानों में एक पुत्र व एक पुत्री है। बेटा सुप्रीम कोर्ट में वकील है। बेटी अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रही है। हाल ही में बेटी के एमबीए के डिग्री समारोह में भाग लेने के लिए आलोक राज व उनके पिता के साथ ही परिवार के अन्य सदस्य अमेरिका गए थे।

### ससुर भी रह चुके डीजीपी

आलोक राज के ससुर डीएन सहाय (दिनेश नंदन सहाय) भी राज्य के डीजीपी रह चुके हैं। उमर अंसारी के मुताबिक आलोक राज की शादी के समय उनके ससुर डीजीपी के पद पर आसीन थे। सेवानिवृत्त होने के बाद छत्तीसगढ़ व त्रिपुरा के राज्यपाल भी रहे थे। करीब छह साल पहले उनका निधन हो गया था।

### ग्रामीणों ने केंद्र और राज्य सरकार के प्रति जताया आभार

गोपालपुर नेउरा गांव के बेटे आलोक राज को डीजीपी बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बैठक कर केंद्र व राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। पूर्व प्रमुख मो. उमर अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रमण लाल, शिव भगत, सरपंच रेणु देवी, मोहन राय, मो. मुमताज, राजेंद्र पासवान, प्रो. समीउल कादरी, मो. सत्तार, मो. शमीम, मुकेश भगत, हरिशचंद्र पासवान व अन्य मौजूद रहे। शुक्रवार को आलोक राज ने राजविंदर सिंह भट्टी से विधिवत बिहार के डीजीपी का प्रभार ले लिया। हालांकि उन्हें कार्यकारी डीजी बनाया गया है। कमान थामने के बाद वे एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य का आम जनता के लिए उनके कार्यालय के द्वार हमेशा खुले हैं। विधि व्यवस्था के सुचारु संधारण के लिए डीजीपी ने अपने सभी अफसरों को 6 %स% का टिप्स दिया है। कहा है कि पुलिस समय पर संवेदनशीलता और सख्ती के साथ सार्थक कार्रवाई करे। सत्यनिष्ठा पुलिस की कार्यशैली का आवश्यक अंग होना चाहिए और स्पीडी ट्रायल से अपराधियों को सजा दिलाना चाहिए।

### टीटीई ने चलती ट्रेन में महिला से की छेड़खानी

**गया, एजेंसी।** पटना-धनबाद गंगा दामोदर एक्सप्रेस में सफर के दौरान टीटीई पर महिला से छेड़खानी का आरोप लगा है। ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई को एस्कार्ट टीम ने हिरासत में ले लिया। पीड़ित महिला यात्री के लिखित बयान पर जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया है। रेल पुलिस छानबीन में जुट गई है। छेड़खानी के आरोपी टीटीई रणधीर कुमार धनबाद रेल मंडल मुख्यालय का है। पीड़ित महिला यात्री ने दिए गए आवेदन में बताया कि वह नवादा जिले की रहने वाली है तथा वर्तमान में पति के साथ बोधगया के एक गांव में रहती है। गुरुवार की रात गंगा-दामोदर एक्सप्रेस के कोच एस-6 में पटना से गया आ रही थी। जब ट्रेन चाकन्द और गया के मध्य थी, तभी करीब 12:53 बजे टीटीई रोहन कुमार पास आया और टिकट दिखाने को कहा। मेरे पास टिकट नहीं था।उस समय के कोच में पूरे यात्री सो रहे थे और ट्रेन में अंधेरा था। उसी समय टिकट बनाने की बात करते हुए बाथरूम में चलने की बात की और छेड़खानी करने लगा। मैं रोने लगी। तब तक जीआरपी जवान मेरे पास आये, जिन्हें मैंने पूरी घटना बताई। इसी बीच ट्रेन गया स्टेशन पहुंच गयी। वहीं इस मामले पर जीआरपी इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला यात्री के लिखित बयान पर जीआरपी थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# बिहार के नए मुख्य सचिव बनाए गए आईएएस अमृतलाल मीणा

### 1989 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं



**पटना, एजेंसी।** आईएएस अधिकारी अमृतलाल मीणा बिहार के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। अमृतलाल मीणा 1989 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। राजस्थान से आते हैं। फिलहाल अमृतलाल गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के कोयला सचिव हैं। अमृतलाल मीणा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। अमृतलाल मीणा पूर्व सीएम लालू प्रसाद के साथ नीतीश कुमार के भी खास हैं। पीएम मोदी के भी वो करीबी माने जाते हैं। इनका रिटायरमेंट 31 अगस्त 2025 को है। कोयला सचिव के रूप में 1 नवंबर 2022 से पोस्टेड हैं। इसके पहले यहां ओएसडी के रूप में भी तैनात रहे थे। अमृतलाल 10 सितंबर 2021 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर 19 अक्टूबर 2022 तक कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रमोशन का इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के स्पेशल सेक्रेटरी रहे। अमृतलाल मीणा, लालू राज में डीसी और डीएम के तौर पर मुजफ्फरपुर, सीवान, नालंदा, भोजपुर, गया, मुजफ्फरपुर में अपनी आईएएस अमृतलाल मीणा ने दिल्ली जाने से पहले बिहार में पथ निर्माण विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी से लेकर एडिशनल चीफ सेक्रेटरी की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। 15 फरवरी 2017 से लेकर 9 सितंबर 2021 तक वो पथ निर्माण विभाग जैसे बड़े विभाग में रहे। अमृतलाल मीणा ने बिहार में जूनियर स्केल में 21 अगस्त 1989 से 10 अगस्त 1991 तक ट्रेनिंग की। 27 अगस्त 1991 से 19 अक्टूबर 1992 तक बेगूसराय में एसडीओ रहे। इसके बाद पोस्टिंग सीतामढ़ी एसडीओ के रूप में हुई। सीतामढ़ी में 22 जून 1993 तक उन्होंने सेवा दी। लालू राज में डीसी और डीएम के तौर पर मुजफ्फरपुर, सीवान, नालंदा, भोजपुर, गया, मुजफ्फरपुर में अपनी सेवा दी। आज सीएम नीतीश के नजदीकी हैं।

### अप्रैल 2012 को बिहार लौट आए थे अमृतलाल मीणा

28 जुलाई 2004 को अमृतलाल मीणा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए, जहां ग्रामीण विकास विभाग और फूड प्रोसेसिंग इंडस्टरीज में अपनी सेवाएं दी। 1 अप्रैल 2012 को बिहार लौट आए थे। बिहार लौटते हीं इन्हें नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव के तौर पर इन्होंने काम किया। 1 अप्रैल 2014 को इन्हें ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया था। 2015 को फिर एक बार इन्हें नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया। 8 अप्रैल 2016 को अमृतलाल मीणा नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव बने। इसके बाद इनकी पोस्टिंग एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के रूप में की गई।

### रिटायर्ड होमगार्ड जवान के पैकेट से बदमाशों ने उड़ाया जेवर

**गया, एजेंसी।** गुरुआ बाजार के एक आभूषण दुकान में शुक्रवार को बैठे एक रिटायर्ड होमगार्ड जवान के पैकेट से दो बदमाशों ने करीब 25 हजार रुपये के जेबर उड़ा लिया। पूरी घटना दुकान में लगी सीसीटीवी में कैद हो गई। कोच थाना के केरकी गांव के सेवानिवृत्त जवान शक्ति कुमार सिंह ने बताया कि वे अपनी बेटी का जेवर गुरुआ बाजार के एक आभूषण दुकान में गिरबी के रूप में रख दिया था। जिसे छुड़ा कर अपने पैकेट में रख दुकान में बैठा था। कुछ देर बाद पैकेट में हाथ डाला तो जेवर गायब था। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी में देखा तो दो किशोर संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग के पास देखे गए।

## हर साल लगाएं कम से कम एक पौधा : डॉ. शंभू

**दरभंगा, एजेंसी।** एमएलएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कॉलेज परिसर में पौधरोपण सह पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने कहा कि वृक्ष जीवन का मूलभूत आधार है। पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने छात्र- छात्राओं से कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की यहां जगह दी जाएगी। मुख्य अतिथि लनामिवि के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा में अगर हम लोग सचेत नहीं हुए तो जनजीवन बुरे दौर से गुजरेगा। पेड़-पौधे हमारे वास्तविक हितैषी एवं जीवन रक्षक हैं, क्योंकि इनसे हमें प्राण वायु के रूप में शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके कार्यक्रमों में शामिल होने से छात्रों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है तथा उनके चरित्र का बेहतरीन निर्माण भी होता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुबोध चंद्र यादव ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा में और सहयोग होगा कि अपने जन्मदिन और शादी-विवाह के अवसर पर अपने माता-पिता के नाम से भी पौधरोपण किया जाए। कार्यक्रम पदाधिकारी द्वितीय डॉ. कुमार नरेंद्र नीरज ने पर्यावरण एवं वन की उपयोगिता के बारे में बृहद जानकारी दी।

# बोतल पुरानी शराब नई, जेल से छूटे माफिया कर रहे नकली दारू का कारोबार



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर समेत बिहार के विभिन्न जिलों में नकली शराब का धंधा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जेल से छूटे माफिया नकली शराब बनाकर उसको ब्राडेंड कंपनियों के बोतल पैककर सप्लाई कर रहे हैं। उत्पाद विभाग ने मुजफ्फरपुर के ऐसे 20 बड़े माफिया की सूची तैयार कर लिया है और उन पर नजर बनाए हुए है। उत्पाद इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अहियापुर के शेखपुर ढाब से गिरफ्तार माफिया पप्पू सहनी पूर्व में शराब मामले में जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर उस धंधे में जुट गया था। सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। उत्पाद विभाग की जांच में पता चला है कि कई माफिया जेल से छूटने के बाद फिर से शराब के धंधे लग गए हैं। इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इनको पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे और शराब ढूंढ़ने वाले खोजी कुत्तों के साथ टीम तैयार की गई है। इस टीम का काम नकली देसी व विदेशी शराब बनाने वाली जगह को तलाश कर सूचित करना है। जिले के दियारा क्षेत्रों में इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जांच में यह भी पता चला है कि कई शराब माफिया दूसरे राज्यों में रहकर वहां से शराब की सप्लाई कर रहे हैं। उनका भी डाटा तैयार किया जा रहा है। स्प्रिट और शराब उतारने के हैं कोड वर्ड उत्पाद इंस्पेक्टर ने बताया कि माफिया शराब को अलग-अलग नाम से कोड करते हैं। उसके लिए उन्होंने कोड वर्ड तैयार कर रखा है। स्प्रिट व देसी शराब को कोड वर्ड में पानी कहा जाता है। वहीं, शराब की खेप को उतारने के लिए ट्रक कट रहा है, यह कहा जाता है। ताकि, स्थानीय ग्रामीण या लोगों को समझ नहीं आ सके। जिले के अहियापुर, मनियारी समेत बूढ़ी गंडक के दियारा इलाकों में सबसे अधिक नकली शराब बनाने वाले माफिया सक्रिय हैं। इसके अलावा कांटी, सदर, मोतीपुर, हथौड़ी, मीनापुर समेत विभन्न थाना क्षेत्रों में भी नकली शराब बनाने कारोबार चल रहा है। दो दिन पहले ही उत्पाद की टीम ने अहियापुर के शेखपुर ढाब से नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया था। चार महीने पहले पुलिस ने कल्याणपुर हरौना गांव में छापेमारी कर देसी शराब फैक्ट्री बनाने के अड्डे को ध्वस्त कर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2021 में मोतीपुर पुलिस ने मोरसंडी में छापेमारी कर देसी शराब की मिनी फैक्ट्री पकड़ी थी। अप्रैल 2021 में मीनापुर के धारपुर गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया था।

### हाइवे को छोड़कर ग्रामीण सड़कों से मंगवा रहे शराब

उत्पाट इंस्पेक्टर ने बताया कि शराब माफिया हाइवे को छोड़कर ग्रामीण सड़कों से शराब मंगवा रहे हैं। जिले के सात चेकपोस्ट पर प्रत्येक छोटी-बड़ी गाड़ियों की जांच की जाती है। इसके अलावा, अलग-अलग टीमें ग्रामीण इलाकों में भी सर्च अभियान चला रही हैं। ताकि, शराब माफिया पर नकेल कसी जा सके।

### हर्षोल्लास के साथ बाबा गणिनाथ गोविंद जी पूजनोत्सव शुरू

**मुजफ्फरपुर।** पोखरैरा स्थित बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 26वां पूजनोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया। पोखरैरा पलवैया धाम स्थित मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। रात में विधि-विधान के साथ बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का नेवतन 14 देव का फल, फूल, मिष्ठान के साथ किया गया। नेवतन पूजा में गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुजारी कृष्णा देवी, पूजा समिति के हरेंद्र साह, विजय कुमार गुप्ता, सोनू कुमार गुप्ता, महेश साह, गणेश रंजन आदि ने बताया कि शनिवार को बाबा का पूजा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**चाणक्य भूमि।** बगहा के नगर थाना क्षेत्र के वार्ड-21 निवासी नरेश चौधरी का बेटा अंगद चौधरी की ट्रेन से गिरकर घायल हो गया जिसे आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए बेतिया के GMCH अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से युवक की खराब स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर ईलाज के लिये रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बंध में पता चला कि वह चलती ट्रेन के दरवाजे पर लापरवाही से खड़ा था।तेज रफ्तार से ट्रेन प्लेटफार्म पर जैसे ही आई तभी रेलवे प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में युवक का पैर फंस गया। झटके से वह असंतुलित होकर नीचे गिर गया।

### ग्राम कचहरी में कार्यों का निष्पादन के लिये ग्रामीणों का प्रदर्शन

**चाणक्यभूमि बैरिया।** बैरिया प्रखंड क्षेत्र के तुमकड़िया पंचायत के ग्राम कचहरी में ससमय कार्यों का निष्पादन नहीं होने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर वकील मौजूद नहीं रहती है और ना ही ग्रामीण जनता का कार्य ससमय किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया की सरकार के द्वारा जमीन सर्वे का कार्य करने के लिए गति दे दि गई है। लेकिन वंशावली अनिवार्य कर दिया गया है। अगर ग्राम कचहरी समय पर नही चलेगा तो वंशावली प्रमाण पत्र समय पर नही बन पाएगा सहित अन्य मुद्दो को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। इस सम्बंध में सरपंच मंसुर अली गद्दी ने बताया की मै किसी जरुर कार्य से आज समय पर उपस्थित नही थे। ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चाणक्यभूमि भैरोगंज।**भैरोगंज पुलिस ने फरार चल रहे एक अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बावत पूछे जाने पर भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि भैरोगंज थाना कांड संख्या 24/24 में मदरहनी गांव के राजू उरांव पिता सोमेश्वर उरांव सहित करीब आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया था और जिसमें से बाकि लोगों ने माननीय बगहा न्यायालय से जमानत अर्जी देकर अपनी जमानत करा ली थी। जिसमें से एक मात्र फरार चल रहे अभियुक्त राजू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

### पंचायती के दौरान हुई मौत मामले मे मुख्य अभियुक्त को भेजा जेल

**चाणक्यभूमि नौतन।** नौतन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेल्हुआ के बुधवलिया में गुरुवार को पंचायती में मार -पीट शुरू हो इस मार-पीट में सुरेश साह को भयंकर चोट लगी भयंकर चोट लगने से सुरेश साह को इलाज करने के लिए नौतन सरकारी अस्पताल से जी एम सी एच रेफर कर दी गई। जी एम सी एच बेतिया अस्पताल में गंभीर हालत देखकर डॉक्टर ने पटना के लिए रेफर किया लेकिन पटना ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। नौतन थाना प्रभारी राजेश कुमार ने मृतक सुरेश के पत्नी चंदा देवी के बयान पर कैलाश मुखिया दीनानाथ साह पिता धरिक्षन साह आकाश कुमार पिता दीनानाथ साह मुन्ना साह समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किए। नौतन थाना प्रभारी ने मुन्ना साह को पकड़ कर पूछ -ताछ के बाद मुन्ना कुमार को जेल भेज दिये है।

### फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बरामद नाबालिग लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय भेजा गया**

**चाणक्य भूमि।** रमपुरवा गांव से 22 फरवरी को अपहृत 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को वाल्मीकिनगर पुलिस ने अपहरण में नामजद अभियुक्त के साथ शुक्रवार की रात रामनगर से गिरफ्तार कर शनिवार को 164 के बयान के लिए न्यायालय में भेज दिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि रमपुरवा गांव निवासी परदेशी राम पर लड़की के पिता ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस को परदेशी राम की तलाश थी।वह पिछले 6 महीने से लड़की को लेकर राजस्थान रह रहा था। पुलिस को उसके रामनगर आने की सूचना मिली जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

### डीबी कॉलेज के शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को सौपा ज्ञापन

**चाणक्यभूमि मधुबनी।** डी.बी. कॉलेज जयनगर, एल. एन. मूटा इकाई के शिक्षकों ने डॉ. संजय कुमार पासवान के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को पूर्ण करने हेतू राज्य सरकार को संबोधित ज्ञापन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार को सौपा गया। जिसमें यथाशीघ्र वेतन पेंशन भुगतान, ओपीसी पेंशन, डी.ए, चाइल्ड केयर लीव, वेतन, पेंशन, वर्धित महंगाई भत्ता, ग्रेच्युटी, एरियर आदि के भुगतान में लेट- लतीफी बन्द करने, एच.आर.ए. वृद्धि, महाविद्यालय की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने सहित विभिन्न मांगो को शामिल किया गया। आगे बताते चलें कि प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि, मैं आपकी समस्याओं को विश्वविद्यालय प्रशासन व राज्य सरकार के माध्यम से यथाशीघ्र दूर कराने का प्रयास करूंगा। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. संजय कुमार पासवान, डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, डॉ. ओम कुमार सिंह, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. शिंकू कुमारी, डॉ. कोमल कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

### दो मवेशी के साथ एक व्यक्ती गिरफ्तार

**चाणक्यभूमि मैनाटांड।** भंगहा पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर शुक्रवार को मध्य रात्रि को एक वक्त इंडो नेपाल बॉर्डर के समीप से दो मवेशी के साथ एक व्यक्ती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की एक व्यक्ति को बेहरी रंगी नदी पुल के पास से दो मवेशी के साथ पकड़ा गया जिसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ती की पहचान सुखदेव यादव साकिन टोला चपरिया साकिन थाना भंगहा के रूप में किया गया है।

### आमसभा में जीविका ने प्रस्तुत लेखा जोखा

**चाणक्य भूमि मझौलिया।**शनिवार को जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, मझौलिया ने तृतीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। आम सभा की अध्यक्ष मेहरून नेशा ने की। इसमें निदेशक मण्डल की सदस्य एवं 34 ग्राम संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए | प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक गुलाम सर्वर ने वित्तीय वर्ष 23-24 का लेख-जोखा और 24-25 का वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत किया | उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडर एवं दीदियों को सम्मानित किया गया| मौके पर जिला कार्यालय से प्रबंधक प्रकाश कुमार एवं आफताब आलम, प्रियंवदा आनिप कुमार और सूर्या कुमारी उपस्थित थें |

# नौवीं व दसवीं के बच्चों को भी मिड डे मील

**तमिलनाडु मॉडल लागू कर सकती है बिहार सरकार, स्कूलों की टाइमिंग में भी बदलाव**

एजेंसी, पटना।



बिहार सरकार स्कूली शिक्षा में हर दिन नए प्रयोग कर रहा है। सरकारी स्कूलों मे मिलने वाले मिड डे मील में बड़ा बदलाव किया जा सकता है। दसवीं तक यह सुविधा मिल सकती है। साथ ही पहली से पांचवी क्लास के बच्चों को मिड डे मील से पहले ब्रेक फास्ट देने की प्लानिंग हो रही है। तमिलनाडु मॉडल को बिहार में लालू किया जा सकता है। अगर यह लागू होता है तो शिक्षकों की टाइमिंग में भी बदलाव होगा। फिर से स्कूल का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हो सकता है।

**तमिलनाडु मॉडल क्या है:** तामिलनाडू में पहली से दसवीं तक के बच्चों को सरकारी स्कूलों में मीड डे मील परोसा दिया जात है। जबकि, देश भर के स्कूलों में आठवीं तक ही मीड डे मील दिया जाता है। तमिलनाडु सरकार खुद के संसाधन से योजना चलाती है।

**तमिलनाडु में सीएम ब्रेक फास्ट योजना भी:** तमिलनाडु गई टीम के एक अधिकारी ने बताया कि वहां सीएम ब्रेक फास्ट स्कीम चलाए जा रहें हैं। राज्य सरकार यह स्कीम भी अपने संसाधन पर चलाती है। यह क्लास वन टू फाइव तक चलाई जाती है। मिड डे मिल हो और ब्रेक फास्ट योजना में स्कूली टीचर को बाहर रखा गया है। तमिलनाडु सरकार ने दोपहर का भोजन और ब्रेक फा्स्ट समाज कल्याण विभाग और सिविल फूड डिपार्टमेंट के कंधों पर जिम्मेदारी दी है। समाज कल्याण विभाग और सिविल डिपार्टमेंट मिलकर रोज अंडे, चावल, नमक और दाल की आपूर्ति करती है। इसके बाद ऑर्गेनाइजर मसाला और सब्जी खरीदता है।

**रसोईया का है पद:** तमिलनाडु में रसोईया का पद है। उनकी बहाली होती है। वेतन के साथ-साथ रिटायरमेंट के बाद पेंशन भी मिलता है। वेतन के रूप में 14 हजार तो रियारमेंट के बाद 2 हजार पेंशन मिलता है। मिड डे मिल और ब्रेक फास्ट के लिए हर दस से पंद्रह स्कूल पर एक सामुदायिक केंद्र बनाया गया है। वहां पर ब्रेक फास्ट तैयार किया जाता है। फिर इसकी सप्लाई होती। तमिलनाडु में स्कूल सुबह के 9:30 से शाम 4:10 मिनट तक चलती है। वहां के स्कूल प्रिंसिपल को सुबह स्कूल खुलने से आधे घंटे पहले आना होता है। स्कूल छुट्टी के बाद हर दिन एक टीचर को अलग से क्लास लेनी होती है।

**बिहार सरकार की टीम गई थी तमिलनाडु:** बिहार सरकार की एक टीम तमिलनाडु दौरे पर गई थी। शिक्षा विभाग के प्राथमिक निदेशक मिथिलेश मिश्रा के नेतृत्व मे टीम स्कूल के पैटर्न को समझने के लिए गई थी। सात सदस्यीय टीम में आईएएल आर सज्जन कुमार, कटिहार डीईओ अमित कुमार, डीईओ रश्मि रेखा के अलावा अन्य तीन डीपीओ शामिल थी। बिहार की टीम तीन दिन तक तमिलनाडु में रही। 22 अगस्त को गई थी। वहां से टीम 26 अगस्त को लौट आई थी।

**बिहार में स्टूडेंट्स की संख्या 1.84 करोड़:** बिहार में पहली क्लास से दसवीं क्लास तक के स्टूडेंट की संख्या 1.84 करोड़ है। इसमें से नौवीं और दसवीं में पढ़ने वालों की संख्या 32 लाख के करीब है। सरकारी स्कूलों में क्लास 1 से 8 तक स्टूडेंट्स की संख्या 1.10 करोड़ है। इनको मिड डे मील परोसा जा रहा है। बिहार के 70 हजार स्कूलों में मिड डे मील परोसा जा रहा है। पौने दो लाख रसोईया खाना बना रही है। बड़े स्कूल में दो रसोइया और छोटे स्कूल में एक रसोइया खाना बनाती है। मिड डे मील के लिए राशि केंद्र सरकार देती है। जलावन और तेल-मसाला का खर्च राज्य सरकार देती है। बिहार में टीचर की संख्या करीब छह लाख है। तमिलनाडु दौरे पर गई टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक जल्द ही इस रिपोर्ट को सरकार के पास सौपेंगी। शिक्षा विभाग कमेटी की रिपोर्ट पर अंतिम फैसला लेगी।

### IG मुख्यालय पहुंचे बिहार के नए डीजीपी

एजेंसी, पटना।

बिहार के डीजीपी आलोक राज पदभार ग्रहण करने के बाद IG मुख्यालय गांधी मैदान पहुंचे। एडीजी जेएस गंगवार ने उनका जोरदार स्वागत किया। जवानों ने उन्हें परेड की सलामी दी। क्राइम कंट्रोल को लेकर पदाधिकारियों को डीजीपी आलोक राज ने कई निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक एक घंटे तक आईजी गरिमा मल्लिक, एसएसपी राजीव मिश्रा समेत सभी सिटी और ग्रामीण एसपी के साथ रिव्यू मीटिंग की। डीजीपी आलोक राज ने कहा कि पदभार ग्रहण के बाद पदाधिकारियों का मनोबल, उत्साहवर्धन के लिए यहां पहुंचे थे। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यह भी कहा कि क्राइम को लेकर अभी कोई बैठक नहीं हुई है। इसकी समीक्षा करेंगे, जिससे आपराधिक घटनाओं पर रोक लग सके। प्रभार संभालते ही डीजीपी एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संदेश देते हुए कहा कि 'हम सभी 6 मूलमंत्र लेकर काम करें। जिससे पुलिसिंग बेहतर हो और अपराधियों में बिहार पुलिस को लेकर खौफ पैदा हो।'

## ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें अधिकारी-डॉ दिलीप जायसवाल

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न।**



**चाणक्य भूमि बेतिया।** जिला स्थित समाहरणालय कक्ष में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में ज़िले में भूमि से संबंधित तमाम कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें राजस्व संबंधी कार्यो, ऑनलाइन दाखिल खारिज, भू-लगान, अभियान बसेरा, भू-सर्वेक्षण, भूमि अधिग्रहण, भू-अभिलेखों के अद्यतीकरण, भूमि हस्तांतरण, बंदोबस्ती, लोक भूमि अतिक्रमण एवं अन्य विषयों के निष्पादन से संबंधित समीक्षा की गई। जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने मंत्री महोदय और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक माह भूमि से जुड़े मसलों का समीक्षा होता है। राजस्व से जुड़े हर कार्य की लगातार समीक्षा हो रही है। जनता दरबार का आयोजन हर सप्ताह होता है। जिसमें लोग अपनी समस्या रखते हैं और जिला प्रशासन उनका हल निकालने की पूरी कोशिश करता है। बसेरा-2 के तहत भूमिहीनों के बीच भूमि वितरण का कार्यक्रम बगहा अनुमंडल से शुरू हो चुकी है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जा रही है। 200 पंचायत भवन के लिए ज़मीन उपलब्ध कराया गया है। उन सारी जानकारी को ऑनलाइन किया जा रहा है। माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि ऐसी योजना की बुनियाद तलाशी जाए जिससे कि BPL परिवारों को लगान के तौर पर कम पैसा देना पड़े। उन्होंने कहा की आप लोग ऊर्जावान अधिकारी है मन लगाकर काम करें। उन्होंने राजस्व से संबंधित सभी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। राजस्व विभाग इसी नीति पर कार्य कर रहा है। अधिकारी राजस्व कार्यों को निर्धारित समय में निर्धारित समय में पूर्ण पारदर्शी तरीके से निष्पादित करें। इस अवसर पर माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, श्री जनक राम, माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री, भारत सरकार, श्री सतीश चंद्र दुबे, माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, श्रीमती रेणु देवी, माननीय सांसद, डॉ0 संजय जायसवाल, श्री सुनील कुमार, माननीय विधायक, श्री राम सिंह, श्रीमती रश्मि वर्मा, विनय बिहारी, श्री नारायण प्रसाद, श्री उमाकांत सिंह, श्री बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, माननीय विधान पार्षद, श्री भीष्म सहनी, श्री सौरभ कुमार सहित जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय, निदेशक, भू अर्जन बिहार, श्री कमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार अपर समाहर्ता, पश्चिम चम्पारण, श्री राजीव कुमार सिंह, श्री आजीव वत्सराज, श्री अनिल कुमार पाण्डेय, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, श्री प्रमोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, श्री अमरेंद्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, श्रीमती बेबी कुमारी एवं जिले के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 4 सितंबर को बच्चों को दवा खिलाकर जिलाधिकारी करेंगे कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत

**स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक**

**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** 4 सितंबर को मोतिहारी शहर के जीवन इंटरनेशनल स्कूल सिंघिया हिबन, बाईपास, बंजरिया के बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल करेंगे कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत।इसको लेकर जिलाधिकारी ने समाहरणालय कक्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नन्दन झा ने उन्हें कृमि मुक्ति दिवस के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि हर हाल में इस बात का ध्यान दें कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ्य हो, खाली पेट दवा न खिलाए। लाइन लिस्टिंग के अनुसार शिक्षकों व आशा के समक्ष ही दवा का सेवन कराएं। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि 4 सितंबर दिन बुधवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों, आँगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाते हुए जिले के 31 लाख 75 हजार 456 बच्चों को एल्बेण्डाजोल दवा खिलाई जाएगी। जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सरकारी/गैर सरकारी स्कूल के 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अल्बेडाजोल की दवा निर्धारित उम्र के अनुसार खिलाइ जाएगी। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दवा से छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस का आयोजन 11 सितंबर 2024 को किया जाएगा। अल्बेडाजोल की गोली का सेवन तलिकानुसार ही होना चाहिए। डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि आशा, सेविका के सामने दवा खिलाइ जाएगी। दवा देने पर कुछ बच्चों में जी मिचलाना, उल्टी, दस्त और कमजोरी जैसे कुछ साइड इफेक्ट्स का अनुभव हो सकता है। इन्हें आसानी से संभाला जा सकता है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, डीसीएम नन्दन झा, डैम अभिजीत भूषण, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जीवन सिन्हा, पीएसआई के डीसी अमित कुमार, सिफार डीसी सिद्धांत कुमार, एनडीडी कोर्डिनेटर अभिजीत अनमोल व अन्य लोग उपस्थित थे।

## दिवाली-छठ पर बिहार आने वालों के लिए चलेगी स्पेशल बस, 1 अक्टूबर से होगी बसों की एडवांस बुकिंग

एजेंसी, पटना।



दशहरा, दीपावली और छठ के दौरान दिल्ली से आने वाली ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है तो बस से सफर कर सकते हैं। परिवहन निगम दिल्ली से आगरा और लखनऊ होते पटना के लिए दो बसें चलाने जा रहा है। इनमें एक सीटर और दूसरी स्लीपर है। दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से भी बस की सुविधा मिलेगी। इसकी एडवांस बुकिंग एक अक्टूबर से शुरू होगी। पटना से दिल्ली जाने वाली स्लीपर बसों का किराया 1995 रुपए है। इस पर 15% डिस्काउंट मिलेगा। जबकि दिल्ली से पटना आने वाली बसों में कोई छूट नहीं है। 19 घंटे में यह बस दिल्ली पहुंचेगी। पटना से निगम की ये बस गोपालगंज, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा होते हुए गाजियाबाद के कौशांबी बस डीपो (आनंदविहार टर्मिनल के सामने) तक जाएगी। उधर, पटना से अलग-अलग जिलों के लिए खुलने वाली बसों के फेरो में भी वृद्धि की जाएगी। पटना से 200 किमी दायरे में आने वाली बसें दो फेरा लगाएगी।

**इन ट्रेनों की सीटें फुल:** 25 से 31 अक्टूबर और 1 से 6 नवंबर तक पटना आने वाली ट्रेनों की सीटें फुल हो चुकी हैं। लोग वेटिंग टिकट ले रहे हैं। इन ट्रेनों में बिक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, अमृतसर-हावड़ा मेल, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति आदि शामिल हैं।

**वंदे भारत ट्रेनों में मिल रहा कंफर्म टिकट:** बाकी ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पाने के कारण लखनऊ से खुलकर पटना आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में तेजी से बुकिंग हो रही है। सितंबर महीने तक 25 से अक्टूबर से 6 नवंबर तक सीटें फूल होने की उम्मीद है। वहीं न्यू जलपाईगुड़ी, रांची और हावड़ा से आने वाले वंदे भारत में टिकट आसानी से मिल रही है।

**इन ट्रेनों में अभी मिल रहा कन्फर्म टिकट:** अहमदाबाद-पटना स्पेशल, पटना-अहमदाबाद स्पेशल, अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल, दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल, वलसाड़-दानापुर स्पेशल, दानापुर-वलसाड़ स्पेशल, साबरमती-पटना स्पेशल, पटना-साबरमती स्पेशल, डॉ.. आंबेडकर नगर (इंदौर)-पटना स्पेशल, पटना-डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल और उधना-पटना स्पेशल।

## जिला कार्य समिति की बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल शामिल हुए



**चाणक्य भूमि बेतिया।**भारतीय जनता पार्टी की ओर से बेतिया में शनिवार को विस्तृत जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष को भाजपा कार्यकर्ताओं ने चांदी के मुकुट और फुल माला पहनकर स्वागत किया। सभा में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने चिराग पासवान को भाजपा के हनुमान की संज्ञा देते हुये कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के अगुवाई में बीजेपी लड़ेगी और दो तिहाई बहुमत हासिल करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के साथ केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतिश चंद्र दुबे, बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक चमार, पशुपालन और मत्स्य मंत्री रेणु देवी व पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, नौतन विधायक नारायण प्रसाद, नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा, लौरिया विधायक विनय बिहारी शामिल हुए।

# पाटलिपुत्र-गर्दनीबाग में घनी आबादी के बीच ओपन डंपिंग यार्ड

एजेंसी, पटना।

**दुर्गंध से बीमार हो रहे लोग, कहा- वोट लेने के बाद मंत्री और पार्षद झांकने तक नहीं आते**



पटना के सघन आबादी वाले दो इलाकों में ओपन कचरा डंपिंग यार्ड से लोग परेशान हैं। पाटलिपुत्र पानी टंकी और गर्दनीबाग रोड में अस्पताल से महज 100 मीटर की दूरी पर कचरा प्वाइंट बनाया गया है। इन इलाकों में लोगों का दुर्गंध से जीना दुर्भर हो गया है। कई लोग यहां से अपना घर छोड़कर जाना चाहते हैं। शिकायत के बाद भी अब तक निगम प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**कचरे की दुर्गंध घर के किचन तक:** पाटलिपुत्र पानी टंकी की निवासी वीना ने कहा कि इस ओपन डंपिंग एरिया से बहुत परेशानी होती है। खासकर बारिश के समय में तो एक्सीडेंट भी हो जाते हैं। इससे बीमारियां काफी फैल रही है। हमारे मोहल्ले में डेंगू से हर साल लोग परेशान रहते हैं। पिछले साल मैं खुद डेंगू से पीड़ित थी। ओपन डंपिंग यार्ड के होने से कचरे की दुर्गंध आसपास स्थित घर के किचन तक जाती है। मॉर्निंग वॉक के दौरान भी यह दुर्गंध परेशान करती है। अटल पथ के बनने के बाद स्थिति ज्यादा खराब हो गई है। मेरा यहां अपना घर है, चाह कर भी हम कहीं और नहीं जा सकते हैं।

**दुर्गंध से बच्चे पड़ रहे हैं बीमार:** गर्दनीबाग के नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि ओपन डंपिंग एरिया होने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। उल्टी दस्त हो रही है। दुर्गंध की वजह से खाना गले से नहीं उतरता है। बगल में गर्दनीबाग हॉस्पिटल भी है। जो मरीज वहां आते हैं उन्हें भी परेशानी होती है। इलाज से ज्यादा लोग दुर्गंध से बीमार होकर आते हैं। गर्दनीबाग पुल के नीचे एक लेन पर डंपिंग यार्ड होने से यातायात भी प्रभावित हो रही है।

**वोट देने के बाद झांकने तक नहीं आते मंत्री-पार्षद:** गर्दनीबाग निवासी किरण देवी काफी अक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि नेता हमें सुविधा प्रदान करें। इसके लिए हम उन्हें वोट देते हैं, लेकिन यहां कोई झांकने तक नहीं आता है। चाहे वह मुख्यमंत्री हो, मेयर या फिर वार्ड पार्षद। कोई हमारे मोहल्ले में देखने नहीं आता है। हमारे इलाके को ओपन डंपिंग यार्ड बनाकर छोड़ दिया है। ऐसी स्थिति में हम किसे वोट दें जो हमारी मदद कर सके।

**पटना के 6 इलाकों में ट्रांसफर स्टेशन का होगा निर्माण:** वहीं, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर का कहना है कि इन दोनों इलाकों में ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण के लिए निविदा निकाली है। ट्रांसफर स्टेशन की मदद से साइंटिफिक चीज को हैंडल की जाती है। कंपैक्टर मशीन में कचरा डाला जाता है और फिर वह अंदर ही अंदर गाड़ी में लोड होकर चला जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पटना शहर में 6 ट्रांसफर स्टेशन बनाने की स्वीकृति मिली है। इसके बन जाने से ओपन डंपिंग एरिया नहीं रहेगा। तब तक लोगों को कोई परेशानी ना हो, इसलिए स्थानीय कार्यपालक अभियंता को यह निर्देश दिया गया है कि डंपिंग यार्ड को घेर कर रखें।

